
WORKSHEETSEVA

Name:...................................

# संज्ञा के भेद

## किसी व्यक्ति , वस्तु , स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते है |

- **व्यक्ति** - माँ, दादा, दादी, बच्चे, पापा
- **वस्तु** - खाना, अखबार
- **स्थान** - घर
- **भाव** - दु:ख, हँसी




## संज्ञा के तीन भेद है

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा**
2. **जातिवाचक संज्ञा**
3. **भाववाचक संज्ञा**

- किसी प्राणी , वस्तु या स्थान के विशेष नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते है |
  जैसे - दिल्ली, हिमालय , गंगा |
- जो नाम शब्द किसी प्राणी , वस्तु या स्थान की पूरी जाति के बारे में बताते है | उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते है |
  जैसे - पहाड़ , लड़का , टी वी , पेड़ , गाँव |
- किसी प्राणी , वस्तु या स्थान के गुण, दोष , अथवा मन के भावो को बताने वाले शब्दों भाववाचक संज्ञा कहते है |
  जैसे - दु:ख , हँसी, सुंदरता , लंबाई |

## हमने सीखा

- किसी व्यक्ति , वस्तु ,स्थान , या भाव का नाम संज्ञा कहलाता है |
- संज्ञा के तीन भेद है - व्यक्तिवाचक संज्ञा ,जातिवाचक संज्ञा तथा भाववाचक संज्ञा |
  जैसे - शिक्षक मनीषा की लिखावट देखकर खुश हो गए |
  यहाँ शिक्षक जातिवाचक , मनीषा व्यक्तिवाचक तथा लिखावट भाववाचक संज्ञाएँ हैं |

© www.WorksheetSeva.com

WORKSHEETSEVA

Name:.....................................

# वाक्य में सही संज्ञा पहचानें

नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों को सही संज्ञा के भेद से पहचानें और लिखें।

- सोनू बहुत अच्छा गायक है। (__________)
- हमें सच्चाई की राह पर चलना चाहिए। (__________)
- पेड़ हमें छाया देते हैं। (__________)
- मोहिनी स्कूल जा रही है। (__________)
- क्रोध इंसान के लिए हानिकारक होता है। (__________)
- बाघ जंगल का राजा है। (__________)
- जयपुर बहुत सुंदर शहर है। (__________)

**सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरें**

**(व्यक्तिवाचक, जातिवाचक या भाववाचक संज्ञा में से सही शब्द लिखें)**

- गंगा एक __________ संज्ञा है।
- मिठास एक __________ संज्ञा है।
- शहर एक __________ संज्ञा है।
- रवीना एक __________ संज्ञा है।
- ईमानदारी एक __________ संज्ञा है।
- कुत्ता एक __________ संज्ञा है।
- हिम्मत एक __________ संज्ञा है।
- मुंबई एक __________ संज्ञा है।

© www.WorksheetSeva.com